LATEST

NEWS

# Election

## Date : 21th Feb. 2026

## Office of Chief Electoral Officer Rajasthan

https:/election.rajasthan.gov.in/

Follow us on:

CEORAJASTHAN

हेल्पलाइन 1950

# आज मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन आज

फलौदी (निसं)। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिले की सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी, शनिवार को किया जाएगा। यह कार्य विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत संपादित किया गया है, जिसका उद्देश्य मतदाता सूचियों को त्रुटिरहित एवं पारदर्शी बनाना है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर अजय ने बताया कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए मतदाता सूची का शुद्ध एवं अद्यतन होना आवश्यक है। इसी क्रम में पुनरीक्षण प्रक्रिया पूर्ण कर अंतिम प्रकाशन की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि अंतिम प्रकाशन से संबंधित विस्तृत जानकारी देने तथा पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए 21 फरवरी को दोपहर 12 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की जाएगी।

# 21 फरवरी को मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन, राजनीतिक दलों की बैठक दोपहर 12 बजे

**फलौदी ( हुक्मनामा समाचार )।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिले की सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी, शनिवार को किया जाएगा। यह कार्य विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत संपादित किया गया है, जिसका उद्देश्य मतदाता सूचियों को त्रुटिरहित एवं पारदर्शी बनाना है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर अजय ने बताया कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए मतदाता सूची का शुद्ध एवं अद्यतन होना आवश्यक है। इसी क्रम में पुनरीक्षण प्रक्रिया पूर्ण कर अंतिम प्रकाशन की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि अंतिम प्रकाशन से संबंधित विस्तृत जानकारी देने तथा पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए 21 फरवरी को दोपहर 12 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की जाएगी।

बैठक की अध्यक्षता जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर श्वेता चौहान करेंगी। इसमें जिले के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी दलों से आग्रह किया है कि वे स्वयं अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि को बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रखें, जिससे निर्वाचन प्रक्रिया में समन्वय और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके।

# एसआईआर -2026 के तहत मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन की हो पूर्ण तैयारी : कृष्ण कुणाल

**ब्यूरो चीफ आसुराम सुथार**

फलौदी -स्कूल शिक्षा, भाषा, पुस्तकालय विभाग एवं पंचायती राज (प्रारम्भिक शिक्षा) विभाग शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने वीसी के जरिए 04 जिला निर्वाचन अधिकारियों से एसआईआर -2026 के तहत मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन को लेकर की चर्चा, दिए निर्देश,फलौदी, 20 फरवरी। स्कूल शिक्षा, भाषा, पुस्तकालय विभाग एवं पंचायती राज (प्रारम्भिक शिक्षा) विभाग शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने शुक्रवार को डीओआईटी वीसी सभागार में वीसी के जरिए चूरू, नागौर, बीकानेर और फ़लौदी आदि 4 जिला निर्वाचन अधिकारियों से एसआईआर -2026 के तहत मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन को लेकर चर्चा करते हुए समुचित निर्देश दिए। इस अवसर पर शासन सचिव कुणाल ने कहा कि सभी निर्वाचन अधिकारी अपने जिले में मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन को लेकर समुचित तैयारी रहे। उन्होंने कहा कि मतदाता सूचियों की प्रिंटिंग आदि सभी गतिविधियां समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित हो। उन्होंने बैठक के दौरान चूरू, बीकानेर, नागौर व फलौदी जिला कलक्टर से एसआईआर -2026 के तहत अंतिम प्रकाशन को लेकर जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। फलौदी जिला निर्वाचन अधिकारी श्वेता चौहान ने तैयारियों की जानकारी दी।

dैनिक भास्कर

जोधपुर/फलोदी भास्कर 21-02-2026

# फलोदी में आज जारी होगी अंतिम मतदाता सूची

**फलोदी**| भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्धारित कार्यक्रम अनुसार विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत जिले की सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 को किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर अजय ने बताया कि शुद्ध व पारदर्शी मतदाता सूची सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह पुनरीक्षण कार्य संपादित किया गया है। अंतिम प्रकाशन से संबंधित जानकारी देने और प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी व जिला कलेक्टर श्वेता चौहान की अध्यक्षता में आज दोपहर 12 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित होगी। सभी दलों से स्वयं या अधिकृत प्रतिनिधि की अनिवार्य उपस्थिति का आग्रह किया गया है।

# मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी को

## ब्यूरो चीफ आसुराम सुथार

फलौदी,- भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित कार्यक्रमानुसार मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जिले की समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी, शनिवार को किया जाएगा।उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर अजय ने बताया कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की पारदर्शिता एवं शुद्ध मतदाता सूची सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य संपादित किया गया है। उन्होंने बताया कि अंतिम प्रकाशन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान करने एवं पारदर्शिता बनाए रखने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर श्वेता चौहान की अध्यक्षता में 21 फरवरी को दोपहर 12:00 बजे जिला कलक्ट्रेट सभागार में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी।उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से आग्रह किया है कि वे स्वयं अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि को बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रखें, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं समन्वय सुनिश्चित किया जा सके।

## लोहावट में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आज

# आज होगा मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन, तेज हुई तैयारियां

**फलोदी @ पत्रिका.** एसआईआर-2026 के तहत मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

डीओआईटी वीसी सभागार से आयोजित बैठक में चूरू, नागौर, बीकानेर और फलोदी के जिला निर्वाचन अधिकारियों से मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन की तैयारियों पर चर्चा की गई।

## समयबद्ध तैयारियों पर जोर

शासन सचिव कुणाल ने कहा कि सभी निर्वाचन अधिकारी अपने-अपने जिलों में अंतिम प्रकाशन को लेकर पूर्ण तैयारी रखें। मतदाता सूचियों की प्रिंटिंग सहित सभी प्रक्रियाएं निर्धारित समयसीमा में पूरी की जाएं। संबंधित जिलों के कलक्टरों से प्रगति रिपोर्ट लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। इस दौरान फलोदी की जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर श्वेता चौहान ने जिले में की गई तैयारियों की जानकारी प्रस्तुत की।




**फलोदी.** मतदाता सूची के प्रकाशन को लेकर कवायद हुई तेज। पत्रिका

## आज होगा अंतिम प्रकाशन

भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रमानुसार जिले की सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन शनिवार को किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर अजय ने बताया कि मतदाता सूची की शुद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया गया था।

## राजनीतिक दलों की बैठक आज

अंतिम प्रकाशन के संबंध में जानकारी साझा करने और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए शनिवार को दोपहर 12 बजे जिला कलक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर श्वेता चौहान की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित होगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी दलों से बैठक में अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील की है, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया में समन्वय और पारदर्शिता बनी रहे।

## यहां भी बैठक आज

**लोहावट.** निर्वाचन आयोग एवं निर्वाचन विभाग राजस्थान के निर्देशानुसार राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 की मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन को लेकर राष्ट्रीय/राज्य मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ उपखण्ड कार्यालय में शनिवार को सुबह 11 बजे बैठक होगी लोहावट विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी व उपखण्ड अधिकारी रविप्रकाश ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 में मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

# बैठक आज

**डूंगरपुर @ पत्रिका.** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का अन्तिम प्रकाशन 21 फरवरी शनिवार को किया जाएगा। निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के साथ फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के प्रारूप प्रकाशन के संबंध में विचार-विमर्श के लिए सुबह 11 बजे जिला कलक्टर कार्यालय के बैठक होगी।

**सागवाड़ा.** विधानसभा क्षेत्र सागवाड़ा 160 के निर्वाचक नामावलियों के अंतिम प्रकाशन की जानकारी देने के लिए राजनीतिक दलों की बैठक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसडीएम) के कार्यालय में शनिवार सुबह 9.30 बजे रखी गई है। जानकारी एसडीएम सुबोधसिंह चारण ने दी।

# विशेष गहन पुनरीक्षण की बैठक आज

**(अर्जेन्ट टाईम्स)** डूंगरपुर। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का अन्तिम प्रकाशन 21 फरवरी को किया जाएगा। निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के साथ फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के प्रारूप प्रकाशन के संबंध में विचार-विमर्श के लिए 21 फरवरी सुबह 11.00 बजे जिला कलक्टर कार्यालय के बैठक हॉल में जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) अंकित कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक होगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी दिनेश चन्द्र धाकड़ ने बताया नियत तिथि एवं समय पर दल के वरिष्ठ पदाधिकारीगण उक्त बैठक में उपस्थित होने का श्रम करे।

# विशेष गहन पुनरीक्षण की बैठक आज

**डूंगरपुर( प्रातःकाल संवाददाता )।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का अन्तिम प्रकाशन 21 फरवरी को किया जाएगा। निर्वाचन विभाग के निर्देश पर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के प्रारूप प्रकाशन के संबंध में विचार-विमर्श के लिए 21 फरवरी को जिला कलक्टर कार्यालय के बैठक हॉल में जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) अंकित कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर) दिनेश चन्द्र धाकड़ ने बताया कि नियत तिथि एवं समय पर आप एवं आपके दल के वरिष्ठ पदाधिकारी उक्त बैठक में उपस्थित होने का श्रम करे।

दैनिक नवज्योति
Banswara Dungarpur - 21 Feb 2

# विशेष गहन पुनरीक्षण की बैठक आज

डूंगरपुर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का अन्तिम प्रकाशन 21 फरवरी को किया जाएगा। निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के प्रारूप प्रकाशन के संबंध में विचार-विमर्श के लिए 21 फरवरी को प्रातः 11 बजे जिला कलक्टर कार्यालय के बैठक हॉल में जिला निर्वाचन अधिकारी अंकितकुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की जाएगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेशचन्द्र धाकड़ ने कहा कि, नियत तिथि एवं समय पर राजनैतिक दलों के वरिष्ठ पदाधिकारी उक्त बैठक में उपस्थित होंगे।

# विशेष गहन पुनरीक्षण की बैठक 21 फरवरी को आयोजित

**आत्मा की ज्वाला डूंगरपुर।**

---

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 को किया जाएगा। निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के प्रारूप प्रकाशन के संबंध में विचार-विमर्श के लिए 21 फरवरी 2026 को प्रातः 11 बजे जिला कलक्टर कार्यालय के बैठक हॉल में जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) अंकित कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर) दिनेश चन्द्र धाकड़ ने बताया कि नियत तिथि एवं समय पर आप एवं आपके दल के वरिष्ठ पदाधिकारीगण उक्त बैठक में उपस्थित होने का श्रम करें।

दैनिक भास्कर

डूंगरपुर भास्कर 21-02-2026

# 21 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन, राजनीतिक दलों के साथ बैठक आज

भास्कर संवाददाता | डूंगरपुर

भारत निर्वाचन आयोग से विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी को किया जाएगा। इसे लेकर जिला स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के प्रारूप प्रकाशन पर विचार-विमर्श के लिए शुक्रवार सुबह 11 बजे जिला कलक्टर कार्यालय के बैठक हॉल में बैठक आयोजित की जाएगी।

बैठक की अध्यक्षता जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार सिंह करेंगे। अतिरिक्त कलेक्टर दिनेशचंद्र धाकड़ ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में मतदाता सूचियों का अद्यतन कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अंतिम प्रकाशन के साथ ही पात्र मतदाताओं के नाम सूची में शामिल होंगे और आवश्यक संशोधन दर्ज किए गए हैं। उन्होंने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से आग्रह किया है कि वे अपने वरिष्ठ पदाधिकारियों सहित नियत तिथि व समय पर बैठक में उपस्थित रहें।

# मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन आज

**मरुलहर न्यूज**

**बालोतरा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य में 27 अक्टूबर 2025 को मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण, 2026 कार्यक्रम घोषित किया गया था, जिसके अन्तर्गत 04 नवंबर 2025 से 11 दिसंबर 2025 तक गणना चरण के उपरान्त 16 दिसंबर 2025 को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया था, जिसमें बालोतरा जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 7,82,865 थी।

आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 16 दिसंबर 2025 से 19 जनवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त किये गये। इस अवधि में जिले बालोतरा में 21,387 फॉर्म-6/6, 2682 फॉर्म-7 तथा फॉर्म-8 प्राप्त हुए।

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा दावे एवं आपत्तियों हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की सूची फॉर्म 9, 10, 11. 11ए और 11 बी में तैयार की गई और ऐसी सूचियों की एक प्रति उनके कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रत्येक कार्य दिवस को प्रदर्शित की गई।

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा प्रति सप्ताह प्राप्त होने वाले दावे एवं आपत्तियों की सूचियां मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से साझा की गई। यह सूचियाँ जिला निर्वाचन अधिकारी / मुख्य निर्वाचन अधिकारी की बेवसाइट पर भी ऑनलाइन उपलब्ध होने बाबत जानकारी प्रदान की गई।

पूर्व में प्राप्त समस्त फॉर्म तथा दावे-आपत्तियाँ प्राप्त करने की अवधि 16 दिसंबर 2025 से 19 जनवरी 2026 में प्राप्त समस्त दावे-आपत्तियों का निस्तारण निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी / सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा किया जाकर 21 फरवरी 2026 को मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन किया गया। इस प्रकार जिले में प्रारूप मतदाता सूची में कुल 7,65,222 मतदाताओं में 2.31 प्रतिशत वृद्धि के उपरान्त कुल मतदाताओं की संख्या 7,82,865 है, जिनमें पुरुष 4,15,073, महिला 3,67,790 तथा ट्रांसजेण्डर 02 है।

मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की अंतिम मतदाता सूची - 2026 की एक सॉफ्ट कॉपी (फोटो रहित) एवं एक हार्ड कॉपी नि:शुल्क संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के स्तर पर बैठक आयोजित कर उपलब्ध कराई गई। यह सूचियाँ जिला निर्वाचन अधिकारी / मुख्य निर्वाचन अधिकारी की बेवसाइट https://election.rajasthan.gov.in तथा https://voters.eci.gov.in पर ऑनलाइन उपलब्ध है तथा कोई भी मतदाता इस सूची में अपना नाम ऑनलाइन EPIC सर्च के माध्यम से देख सकता है, इस बाबत भी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी प्रदान की गई।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाना, हटाना व प्रविष्टियों में संशोधन एक अनवरत प्रक्रिया जो सतत जारी है, इसके लिए क्रमशः फॉर्म 6 मय घोषणापत्र (अनुलग्न-IV), 7 एवं 8 ECINet App/Voters Portal (https://voters.eci.gov.in) पर जाकर ऑनलाईन अथवा संबंधित बीएलओ से सम्पर्क कर भरा जा सकता है। इस बाबत भी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी प्रदान की गई।

मतदाता सूची में किसी प्रविष्टि के संबंध में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के निर्णय के विरूद्ध अपील लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 24 तथा निर्वाचक पंजीकरण नियम, 1960 के नियम 23 एवं 27 के अन्तर्गत प्रथम अपील जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष अन्तिम प्रकाशन तिथि से 15 दिवस में तथा जिला मजिस्ट्रेट के निर्णय से संतुष्ट नहीं होने की स्थिति में द्वितीय अपील मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान को जिला मजिस्ट्रेट के निर्णय के 30 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं।

# मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन आज

मरू मंच न्यूज

**बालोतरा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य में 27 अक्टूबर 2025 को मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण, 2026 कार्यक्रम घोषित किया गया था, जिसके अन्तर्गत 04 नवंबर 2025 से 11 दिसंबर 2025 तक गणना चरण के उपरान्त 16 दिसंबर 2025 को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया था, जिसमें बालोतरा जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 7,82,865 थी।

आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 16 दिसंबर 2025 से 19 जनवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त किये गये। इस अवधि में जिले बालोतरा में 21,387 फॉर्म-6/6, 2682 फॉर्म-7 तथा फॉर्म-8 प्राप्त हुए। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा दावे एवं आपत्तियों हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की सूची फॉर्म 9, 10, 11. 11ए और 11 बी में तैयार की गई और ऐसी सूचियों की एक प्रति उनके कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रत्येक कार्य दिवस को प्रदर्शित की गई। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा प्रति सप्ताह प्राप्त होने वाले दावे एवं आपतियों की सूचियां मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से साझा की गई। यह सूचियाँ जिला निर्वाचन अधिकारी / मुख्य निर्वाचन अधिकारी की बेवसाइट पर भी ऑनलाइन उपलब्ध होने बाबत जानकारी प्रदान की गई।

पूर्व में प्राप्त समस्त फॉर्म तथा दावे-आपत्तियाँ प्राप्त करने की अवधि 16 दिसंबर 2025 से 19 जनवरी 2026 में प्राप्त समस्त दावे-आपत्तियों का निस्तारण निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी / सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा किया जाकर 21 फरवरी 2026 को मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन किया गया।

इस प्रकार जिले में प्रारूप मतदाता सूची में कुल 7,65,222 मतदाताओं में 2.31 प्रतिशत वृद्धि के उपरान्त कुल मतदाताओं की संख्या 7,82,865 है, जिनमें पुरुष 4,15,073, महिला 3,67,790 तथा ट्रांसजेण्डर 02 है।

मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की अंतिम मतदाता सूची -2026 की एक सॉफ्ट कॉपी (फोटो रहित) एवं एक हार्ड कॉपी नि:शुल्क संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के स्तर पर बैठक आयोजित कर उपलब्ध कराई गई।

यह सूचियाँ जिला निर्वाचन अधिकारी / मुख्य निर्वाचन अधिकारी की बेवसाइट https://election.rajasthan.gov.in तथा https://voters.eci.gov.in पर ऑनलाइन उपलब्ध है तथा कोई भी मतदाता इस सूची में अपना नाम ऑनलाइन EPIC सर्च के माध्यम से देख सकता है, इस बाबत भी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी प्रदान की गई।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाना, हटाना व प्रविष्टियों में संशोधन एक अनवरत प्रक्रिया जो सतत जारी है, इसके लिए क्रमश: फॉर्म 6 मय घोषणापत्र (अनुलग्न-IV), 7 एवं 8 ECINet App/ Voters Portal (https://voters.eci.gov.in) पर जाकर ऑनलाईन अथवा संबंधित बीएलओ से सम्पर्क कर भरा जा सकता है। इस बाबत भी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी प्रदान की गई।

मतदाता सूची में किसी प्रविष्टि के संबंध में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के निर्णय के विरूद्ध अपील लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 24 तथा निर्वाचक पंजीकरण नियम, 1960 के नियम 23 एवं 27 के अन्तर्गत प्रथम अपील जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष अन्तिम प्रकाशन तिथि से 15 दिवस में तथा जिला मजिस्ट्रेट के निर्णय से संतुष्ट नहीं होने की स्थिति में द्वितीय अपील मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान को जिला मजिस्ट्रेट के निर्णय के 30 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं।

# मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन आज

भास्कर न्यूज़ | बालोतरा

भारत निर्वाचन आयोग की ओर से राज्य में 27 अक्टूबर 2025 को मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण, 2026 कार्यक्रम घोषित किया गया था, जिसके अंतर्गत 4 नवंबर 2025 से 11 दिसंबर 2025 तक गणना चरण के उपरांत 16 दिसंबर 2025 को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया था, जिसमें बालोतरा जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 7 लाख 82 हजार 865 थी।

आयोग की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार 16 दिसंबर 2025 से 19 जनवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त किए गए। इस अवधि में जिले बालोतरा में 21 हजार 387 फॉर्म-6/6ए, 2682 फॉर्म-7 तथा फॉर्म-8 प्राप्त हुए। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की ओर से दावे एवं आपत्तियों के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों की सूची फॉर्म 9, 10, 11. 11ए व 11 बी में तैयार की गई और ऐसी सूचियों की एक प्रति उनके कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रत्येक कार्य दिवस को प्रदर्शित की गई। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की ओर से प्रति सप्ताह प्राप्त होने वाले दावे एवं आपत्तियों की सूचियां मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से साझा की गई। यह सूचियां जिला निर्वाचन अधिकारी/मुख्य निर्वाचन अधिकारी की बेवसाइट पर भी ऑनलाइन उपलब्ध होने बाबत जानकारी दी गई।

पूर्व में प्राप्त समस्त फॉर्म तथा दावे-आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 16 दिसंबर 2025 से 19 जनवरी 2026 में प्राप्त समस्त दावे-आपत्तियों का निस्तारण निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की ओर से किया जाकर 21 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा।

# मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण के निर्देश जारी

## नगर परिषद सहित नगरपालिकाओं में वार्डवार निर्वाचक नामावलियों का होगा गहन पुनरीक्षण

**बालोतरा.** राज्य की नगरीय निकायों के आम चुनाव वर्ष 2026 में प्रस्तावित हैं। ऐसे में नगरीय निकायों के आम चुनाव की कार्यवाही 15 अप्रेल 2026 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण कार्यक्रम एवं विस्तुत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। निर्देशानुसार आम चुनावों के लिए मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 13 से 15 तथा राजस्थान नगरपालिका निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण आदेश, 1974 के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा।

नगर परिषद बालोतरा में 55 वार्ड, नगरपालिका सिवाना में 25 वार्ड, नगरपालिका सिणधरी में 20 वार्ड, नगरपालिका समदड़ी में 25 वार्ड तथा नगरपालिका जसोल में 20 वार्ड निर्धारित हैं। इन सभी नगरीय निकायों में वार्डवार निर्वाचक नामावलियों को तैयार करने, प्रकाशित करने तथा प्राप्त दावों और आपत्तियों का निस्तारण कर अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित करने का दायित्व निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों का होगा। वहीं इस प्रक्रिया के माध्यम से नगरीय निकायों के आम चुनाव 2026 के लिए अंतिम मतदाता सूची तैयार कर प्रकाशित की जाएगी।

## नाम जोड़ने-हटाने की प्रक्रिया जारी

# बालोतरा जिला की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन आज

**बालोतरा @ पत्रिका.** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के तहत बालोतरा जिले की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन शनिवार को किया जाएगा। आयोग की ओर से 27 अक्टूबर 2025 को घोषित कार्यक्रम के अनुसार 4 नवंबर से 11 दिसंबर 2025 तक गणना चरण पूरा होने के बाद 16 दिसंबर 2025 को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की गई थी, जिसमें जिले में कुल 7,82,865 मतदाता दर्ज थे।

आयोग के अनुसार 16 दिसंबर 2025 से 19 जनवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की गई। इस अवधि में जिले में कुल 21,387 फॉर्म-6/6ए, 2,682 फॉर्म-7 तथा फॉर्म-8 प्राप्त हुए। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने इन दावे-आपत्तियों की सूची फॉर्म-9, 10, 11, 11ए और 11बी में तैयार कर कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित की है। यह सूचियां जिला निर्वाचन अधिकारी एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराई गई।

प्राप्त दावे-आपत्तियों का निस्तारण कर 21 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। अंतिम सूची में कुल मतदाताओं की संख्या 7,82,865 है, जिनमें 4,15,073 पुरुष, 3,67,790 महिला तथा 2 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं।

दैनिक भास्कर

धौलपुर 21-02-2026

# राजनीतिक दलों के साथ बैठक आज होगी

**धौलपुर** | विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत, मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन के संबंध में बैठक का आयोजन जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बीटी की अध्यक्षता में आज सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट धौलपुर किया जाएगा। बैठक में राष्ट्रीय एवं राज्य मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की जाएगी।

# मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन को लेकर राजनीतिक, दलों के साथ बैठक आज

**खबरों की दुनिया**

**धौलपुर ।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत, मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन के संबंध में बैठक का आयोजन जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बीटी की अध्यक्षता में आज प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट धौलपुर किया जाएगा। बैठक में राष्ट्रीय एवं राज्य मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की जाएगी।

# मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन को लेकर राजनीतिक दलों के साथ बैठक आज

आदित्य एक्सप्रेस न्यूज

**धौलपुर।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत, मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन के संबंध में बैठक का आयोजन जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बीटी की अध्यक्षता में आज प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट धौलपुर किया जाएगा। बैठक में राष्ट्रीय एवं राज्य मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की जाएगी।

# राजनीतिकदलों के साथ बैठक आज

धौलपुर, 20 फरवरी। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत, मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन के संबंध में बैठक का आयोजन जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बीटी की अध्यक्षता में प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट धौलपुर किया जाएगा। बैठक में राष्ट्रीय एवं राज्य मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की जाएगी।

# मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन को लेकर राजनीतिक

**धौलपुर।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत, मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन के संबंध में बैठक का आयोजन जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बीटी की अध्यक्षता में आज प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट धौलपुर किया जाएगा। बैठक में राष्ट्रीय एवं राज्य मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की जाएगी।

# राजनीतिक दलों के साथ बैठक आज

**धौलपुर.** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत, मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन के संबंध में बैठक का आयोजन जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बीटी की अध्यक्षता में शनिवार प्रातः 11 बजे कलक्ट्रेट में होगा।

# मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन आज

**बसेड़ी.** भारत निवार्चन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन शनिवार को सभी बूथों पर किया जाएगा।

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी सुरेन्द्र प्रसाद ने बताया कि 21 फरवरी को मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन सभी बूथों पर एवं ईआरओ कार्यालय बसेड़ी में किया जाएगा। इसकी सूचना प्रारूप-16 में चस्पा कराई जाएगी। मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन के उपरांत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बसेड़ी के मतदाता ईआरओ कार्यालय के अलावा संबंधित बूथों पर बूथ लेवल अधिकारियों के माध्यम से मतदाता सूची का अवलोकन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि विभागीय निर्देशानुसार राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन कर एसआइआर की अंतिम प्रकाषन मतदाता सूचियां सॉफ्ट कॉपी व हार्ड कॉपी में उपलब्ध कराई जाएंगी।

# मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन को लेकर राजनीतिक दलों के साथ बैठक आज

निजी संवाददाता धौलपुर, 20 फरवरी। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत, मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन के संबंध में बैठक का आयोजन जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बीटी की अध्यक्षता में आज प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट धौलपुर किया जाएगा। बैठक में राष्ट्रीय एवं राज्य मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की जाएगी।

दैनिक भास्कर 21.02.2026

## मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन आज होगा

चूरू | जिला मुख्यालय पर शनिवार को एसआईआर 2026 के तहत जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। इसे लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को सुबह 11 बजे जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा की अध्यक्षता में अंतिम प्रकाशन के लिए प्रेस वार्ता होगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पिता सोनी ने बताया कि प्रेस वार्ता में जिला निर्वाचन अधिकारी मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन से संबंधित जानकारी साझा करेंगे।

राजस्थान पत्रिका 21.02.2026

## विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर बैठक आज

**रतनगढ़.** जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार शनिवार को दोपहर 12 बजे एसडीएम कार्यालय में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर-2026) अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन के लिए बैठक आयोजित की गई है। एसडीएम मिथिलेश कुमार ने बताया कि बैठक में निर्वाचन अधिकारी एसआईआर-2026 के अंतर्गत मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन से संबंधित जानकारी दी जाएगी। बैठक में कांग्रेस के बीएलए-1 प्रद्युम्नसिंह, भाजपा के बीएलए-1 अभिनेश महर्षि, बसपा के बीएलए-1 ओमप्रकाश, आप पार्टी की बीएलए-1 संजूबाला शर्मा, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के बीएलए-1, सुभाष जाखड़ के अलावा राजनैतिक पार्टियों के सभी ब्लॉक अध्यक्ष मौजूद रहेंगे।

दै सामुदायिक प्रेषण 21.02.2026

# एसआईआर -2026 के तहत मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन की हो पूर्ण तैयारी : कृष्ण कुणाल

## चूरू जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पिता सोनी सहित अधिकारी रहे मौजूद

सामुदायिक प्रेषण

**चूरू,** । स्कूल शिक्षा, भाषा, पुस्तकालय विभाग एवं पंचायती राज (प्रारम्भिक शिक्षा) विभाग शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने शुक्रवार को डीओआईटी वीसी सभागार में वीसी के जरिए चूरू, नागौर, बीकानेर और फ़लौदी आदि 04 जिला निर्वाचन अधिकारियों से एसआईआर -2026 के तहत मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन को लेकर चर्चा करते हुए समुचित निर्देश दिए। इस अवसर पर शासन सचिव कुणाल ने कहा कि सभी निर्वाचन अधिकारी अपने जिले में मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन को लेकर समुचित तैयारी रहे। अंतिम प्रकाशन के लिए जानकारी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा मीडिया प्रतिनिधियों से साझा की जाए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूचियों की प्रिंटिंग आदि सभी गतिविधियां समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित हो। उन्होंने बैठक के दौरान चूरू, बीकानेर, नागौर व फलोदी जिला कलक्टर से एसआईआर -2026 के तहत अंतिम प्रकाशन को लेकर जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। चूरू जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा ने तैयारियों की जानकारी दी। इसी के साथ बीकानेर जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता वृष्णि, फलौदी जिला निर्वाचन अधिकारी श्वेता चौहान व नागौर जिला निर्वाचन अधिकारी चम्पालाल जीनगर ने भी तैयारियों से अवगत करवाया। इस दौरान चूरू उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पिता सोनी, संदीप चौधरी सहित अन्य मौजूद रहे।



# एसआईआर-2026 के तहत मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन की हो पूर्ण तैयारी : कुणाल



**सीकर टाइम्स । चूरू.** स्कूल शिक्षा, भाषा, पुस्तकालय विभाग एवं पंचायती राज (प्रारम्भिक शिक्षा) विभाग शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने शुक्रवार को डीओआईटी वीसी सभागार में वीसी के जरिए चूरू, नागौर, बीकानेर और फ़लौदी आदि 4 जिला निर्वाचन अधिकारियों से एसआईआर -2026 के तहत मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन को लेकर चर्चा करते हुए समुचित निर्देश दिए। इस अवसर पर शासन सचिव कुणाल ने कहा कि सभी निर्वाचन अधिकारी अपने जिले में मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन को लेकर समुचित तैयारी रहे। अंतिम प्रकाशन के लिए जानकारी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा मीडिया प्रतिनिधियों से साझा की जाए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूचियों की प्रिंटिंग आदि सभी गतिविधियां समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित हो। उन्होंने बैठक के दौरान चूरू, बीकानेर, नागौर व फलोदी जिला कलक्टर से एसआईआर -2026 के तहत अंतिम प्रकाशन को लेकर जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा ने तैयारियों की जानकारी दी।

# एसआईआर के तहत मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन को लेकर प्रेस वार्ता आज

**सीकर टाइम्स । चूरू.** जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा की अध्यक्षता में शनिवार, 21 फरवरी को सवेरे 11 बजे जिला कलक्ट्रेट सभागार (आपणी योजना) में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर–2026) अंतर्गत जिले के समस्त विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन हेतु प्रेस वार्ता आयोजित की जाएगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पिता सोनी ने बताया कि प्रेस वार्ता में जिला निर्वाचन अधिकारी एसआईआर–2026 अंतर्गत मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन से संबंधित जानकारी साझा करेंगे।

जयपुर टाइम्स 21.02.2026

# राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आज

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक का अयोजन निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी ओमप्रकाश वर्मा की अध्यक्षता में किया जायेगा। शनिवार को 21 फरवरी को होने वाली बैठक में विधानसभा क्षेत्र सुजानगढ़ की निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत अन्तिम प्रकाशन करने के सम्बंध में चर्चा की जाएगी।

जयपुर गुलाबी टाइम्स 21.02.2026

# एसआईआर -2026 के तहत मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन की हो पूर्ण तैयारी : कृष्ण कुणाल




## स्कूल शिक्षा, भाषा, पुस्तकालय विभाग एवं पंचायती राज (प्रारम्भिक शिक्षा) विभाग शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने वीसी के जरिए 04 जिला निर्वाचन अधिकारियों से एसआईआर -2026 के तहत मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन को लेकर की चर्चा, दिए निर्देश

जयपुर गुलाबी टाइम्स

चूरू (विद्याधर आजाद) स्कूल शिक्षा, भाषा, पुस्तकालय विभाग एवं पंचायती राज (प्रारम्भिक शिक्षा) विभाग शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने शुक्रवार को डीओआईटी वीसी सभागार में वीसी के जरिए चूरू, नागौर, बीकानेर और फ़लौदी आदि 04 जिला निर्वाचन अधिकारियों से एसआईआर -2026 के तहत मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन को लेकर चर्चा करते हुए समुचित निर्देश दिए। इस अवसर पर शासन सचिव कुणाल ने कहा कि सभी निर्वाचन अधिकारी अपने जिले में मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन को लेकर समुचित तैयारी रहे। अंतिम प्रकाशन के लिए जानकारी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा मीडिया प्रतिनिधियों से साझा की जाए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूचियों की प्रिंटिंग आदि सभी गतिविधियां समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित हो। उन्होंने बैठक के दौरान चूरू, बीकानेर, नागौर व फलोदी जिला कलक्टर से एसआईआर -2026 के तहत अंतिम प्रकाशन को लेकर जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। चूरू जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा ने तैयारियों की जानकारी दी। इसी के साथ बीकानेर जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता वृष्णि, फलौदी जिला निर्वाचन अधिकारी श्वेता चौहान व नागौर जिला निर्वाचन अधिकारी चम्पालाल जीनगर ने भी तैयारियों से अवगत करवाया। इस दौरान चूरू उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पिता सोनी, संदीप चौधरी सहित अन्य मौजूद रहे।

# चूरू जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा पत्रकारों से आज होंगे रूबरू



जयपुर गुलाबी टाइम्स

**चूरू (विद्याधर आजाद)** जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा की अध्यक्षता में शनिवार, 21 फरवरी, 2026 को सवेरे 11 बजे जिला कलक्ट्रेट सभागार (आपणी योजना) में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर–2026) अंतर्गत जिले के समस्त विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन हेतु प्रेस वार्ता आयोजित की जाएगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पिता सोनी ने बताया कि प्रेस वार्ता में जिला निर्वाचन अधिकारी एसआईआर–2026 अंतर्गत मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन से संबंधित जानकारी साझा करेंगे।

हमारा गगन 21.02.2026

# एसआईआर -2026 के तहत मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन की हो पूर्ण तैयारी : कृष्ण कुणाल

*स्कूल शिक्षा, भाषा, पुस्तकालय विभाग एवं पंचायती राज (प्रारम्भिक शिक्षा) विभाग शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने वीसी के जरिए 04 जिला निर्वाचन अधिकारियों से एसआईआर -2026 के तहत मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन को लेकर की चर्चा, दिए निर्देश*

**चूरू जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पिता सोनी सहित अधिकारी रहे मौजूद**

हमारा गगन






चूरू, । स्कूल शिक्षा, भाषा, पुस्तकालय विभाग एवं पंचायती राज (प्रारम्भिक शिक्षा) विभाग शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने शुक्रवार को डीओआईटी वीसी सभागार में वीसी के जरिए चूरू, नागौर, बीकानेर और फ़लौदी आदि 04 जिला निर्वाचन अधिकारियों से एसआईआर -2026 के तहत मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन को लेकर चर्चा करते हुए समुचित निर्देश दिए। इस अवसर पर शासन सचिव कुणाल ने कहा कि सभी निर्वाचन अधिकारी अपने जिले में मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन को लेकर समुचित तैयारी रहे। अंतिम प्रकाशन के लिए जानकारी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा मीडिया प्रतिनिधियों से साझा की जाए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूचियों की प्रिंटिंग आदि सभी गतिविधियां समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित हो। उन्होंने बैठक के दौरान चूरू, बीकानेर, नागौर व फलोदी जिला कलक्टर से एसआईआर - 2026 के तहत अंतिम प्रकाशन को लेकर जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। चूरू जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा ने तैयारियों की जानकारी दी। इसी के साथ बीकानेर जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता वृष्णि, फलौदी जिला निर्वाचन अधिकारी श्वेता चौहान व नागौर जिला निर्वाचन अधिकारी चम्पालाल जीनगर ने भी तैयारियों से अवगत करवाया। इस दौरान चूरू उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पिता सोनी, संदीप चौधरी सहित अन्य मौजूद रहे।

# एसआईआर-2026 के तहत मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन को लेकर प्रेस वार्ता शनिवार को

हमारा गगन

चूरू, । जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा की अध्यक्षता में शनिवार, 21 फरवरी, 2026 को सवेरे 11 बजे जिला कलक्ट्रेट सभागार (आपणी योजना) में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर-2026) अंतर्गत जिले के समस्त विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन हेतु प्रेस वार्ता आयोजित की जाएगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पिता सोनी ने बताया कि प्रेस वार्ता में जिला निर्वाचन अधिकारी एसआईआर-2026 अंतर्गत मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन से संबंधित जानकारी साझा करेंगे।

हुक्मनामा समाचार 21.02.2026

# एसआईआर -2026 के तहत मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन की हो पूर्ण तैयारी : कृष्ण कुणाल




**चूरू ( हुक्मनामा समाचार )।** स्कूल शिक्षा, भाषा, पुस्तकालय विभाग एवं पंचायती राज (प्रारम्भिक शिक्षा) विभाग शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने शुक्रवार को डीओआईटी वीसी सभागार में वीसी के जरिए चूरू, नागौर, बीकानेर और फ़लौदी आदि 04 जिला निर्वाचन अधिकारियों से एसआईआर -2026 के तहत मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन को लेकर चर्चा करते हुए समुचित निर्देश दिए। इस अवसर पर शासन सचिव कुणाल ने कहा कि सभी निर्वाचन अधिकारी अपने जिले में मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन को लेकर समुचित तैयारी रहे। अंतिम प्रकाशन के लिए जानकारी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा मीडिया प्रतिनिधियों से साझा की जाए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूचियों की प्रिंटिंग आदि सभी गतिविधियां समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित हो। उन्होंने बैठक के दौरान चूरू, बीकानेर, नागौर व फलोदी जिला कलक्टर से एसआईआर -2026 के तहत अंतिम प्रकाशन को लेकर जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। चूरू जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा ने तैयारियों की जानकारी दी।